

# भरे बरसात में सीधी शहर में गहराया जल संकट, नल से नहीं मिल रहा पानी

## सोन नदी के कुर्रवाह घाट में लगे पावर पम्प के जलने से जल संकट की स्थिति निर्मित, एक दिन के अंतराल में नल से मिल रहा है पानी

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। भरे बरसात में सीधी शहर में जल संकट गहराया हुआ है। नल से पानी ना मिलने के कारण लोग काफी परेशान हैं। यह समस्या करीब एक महीने से निर्मित है। सोन नदी के कुर्रवाह घाट में लगे एक पावर पम्प के जल जाने के कारण शहर में एक दिन के अंतराल से नल में पानी की सप्लाई की जा रही है।**

बताते चलें कि सीधी शहर की नल-जल सप्लाई व्यवस्था सोन नदी से जुड़ी हुई है। सोन नदी के कुर्रवाह घाट में पानी की सप्लाई के लिये दो पावर पम्प लगाये गये हैं। इन पावर पम्पों से बारी-बारी से पानी की सप्लाई सोन नदी से सीधे मधुरी स्थित फिल्टर प्लांट में की जाती है। 24 घंटे सोन नदी से पानी की सप्लाई फिल्टर प्लांट में करने की व्यवस्था बनाई गई है। करीब एक माह से तेज बारिश एवं बाणसागर बांध के गेटों को खोल देने से सोन नदी में जल स्तर काफी बढ़ गया है। जिसके चलते पावर पम्पों से संबद्ध पाइप लाइन में लगातार सोन नदी से रेता आने के कारण एक पावर पम्प जल गया। पावर पम्प के जलने पर इसको सुधार के लिये सतना भेजा गया है। वहां पावर पम्प के सुधार में भी कई दिनों का समय लग रहा है। अब भी करीब एक सप्ताह में पावर पम्प के आने की संभावना बताई जा रही है। उधर नगर पालिका सूत्रों का कहना है कि नगर पालिका परिषद द्वारा एक और पावर पम्प की खरीदी की प्रक्रिया चल रही है। एक नवीन पावर पम्प आ जाने के बाद पम्प जलने के बाद जल संकट की स्थिति इतनी गंभीर आगे नहीं रहेगी। उधर भरे बरसात में घरों मे लगे नलों से पानी की बजाय हवा निकल रही है



और लोग पानी की व्यवस्था को लेकर काफी परेशान हैं।

तत्संबंध में बाजार क्षेत्र के वार्डवासियों का कहना था कि स्थिति यह है कि कभी नल से पानी मिलता है और कभी नहीं मिलता। कुछ वार्डो में स्थिति यह है कि यदि नल से पानी आना शुरू भी हुआ हो 5-6 बाल्टी से ज्यादा नहीं आता। मिश्रा कालोनी के रहवासियों का कहना है कि एक माह से पानी को लेकर बड़ा भटकाव बना हुआ है। यदि नल से पानी शुरू भी हुआ तो 5-6 बाल्टी से ज्यादा नहीं मिलता। साथ ही पानी भी काफी गंदा एवं प्रदूषित आता है। नल से पानी ना आने पर मोहल्लों मे टैंकर से पानी आपूर्ति की व्यवस्था भी नहीं बनाई गई है। जिसके चलते लोगों को हैण्डपम्पों की तलाश में भटकने एवं वहां अपनी बारी आने पर पानी लेने की मजबूरी बनी हुई है। यह समस्या कोटहा, आजार नगर, पटेल पुल, अमहा, सराफा बाजार, सर्वोदय चौक, सब्जी मंडी क्षेत्र, लालता चौक, पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र, गोपालदास मार्ग में काफी ज्यादा गंभीर बनी हुई है। लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर इतने दिनों से पानी की समस्या क्यों बनी हुई है। वहीं जिम्मेदार लोग शहर के बाजार क्षेत्र में बने जल संकट को लेकर इतने लापरवाह क्यों बने हुये हैं?

### क्या कहते हैं वार्ड एवं पार्षद



नल से करीब एक महीने से पानी मिलने को लेकर पूरी तरह से अनिश्चितता बनी हुई है। कभी पानी आता है और कभी पानी नहीं आता। पानी अगर आता भी है तो 5-6 बाल्टी पानी आने के बाद नल बंद हो जाता है। सबसे ज्यादा समस्याएं घर की महिलाओं को पानी न मिलने से हो रही है।

**श्रीमती ऊषा सोनी, निवासी वार्ड क्रमांक 17**



शहर की नल-जल व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। नल से पानी नहीं मिलता और टैंकर से भी पानी की सप्लाई करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। समझ में नहीं आता कि भरे बरसात में जल संकट क्यों निर्मित है।

**योगेश सिंह, निवासी वार्ड क्रमांक 17**



वार्ड क्षेत्र में नल से पानी ना आने की शिकायत नगर पालिका सीएमओ से की गई तो बताया गया कि मोटर पम्प खराब है इस वजह से व्यवस्थाएं फिलहाल प्रभावित हैं। जल्द ही व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन दिया गया है।

**श्रीमती सोनम सोनी, पार्षद वार्ड क्रमांक 17**



शहरी क्षेत्र में नल से पानी मिलने को लेकर इन दिनों हो रही परेशानी का मुख्य कारण सोन नदी के कुर्रवाह घाट में लगे एक पावर पम्प के जल जाने से निर्मित है। इसके लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं।

**रजनीश श्रीवास्तव, पार्षद वार्ड क्रमांक 14**

### इनका कहना है

शहर की नल-जल व्यवस्था सोन नदी से जुड़ी हुई है। वहां एक पावर पम्प के जल जाने से वर्तमान में एक दिन के अंतराल से पानी देने की व्यवस्था बनाई गई है। सतना से पावर पम्प के आने पर लगभग एक सप्ताह के अंदर नल-जल सप्लाई नियमित हो जायेगी।

**शीलाध्वज सिंह**
प्रभारी जल शाखा, नपा सीधी

# कुचवाही में स्थगन का उल्लंघन कर दबंग कर रहे मकान का निर्माण

नवभारत न्यूज

**कुचवाही 6 अगस्त। थाना कोतवाली सीधी अंतर्गत ग्राम कुचवाही में न्यायालय के स्थगन के बावजूद दंबगों द्वारा जबरन मकान का निर्माण किया जा रहा है। हैरत की बात तो यह है कि पीड़ित व्यवसायी न्यायालय का स्थगन आदेश लेकर पुलिस के पास चक्कर काट रहा है फिर भी निर्माण कार्य बंद कराकर न्यायालय के स्थगन आदेश का पालन कराने की जरूरत नहीं समझी जा रही है।**

तत्संबंध में पीड़ित व्यवसायी





रामटहल गुप्ता पिता शिवनाथ गुप्ता निवासी कुचवाही ने बताया कि ग्राम कुचवाही में भूमि खसरा क्रमांक 1476/1/1 का मामला न्यायालय कमिश्नर रीवा के यहां विचाराधीन है। न्यायालय की ओर से उनके पक्ष में 19 मई 2025 को सुनवाई के दौरान अगली तिथि तक यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया गया था। उक्त मामले की पेशी 29 जुलाई 2025 थी। उस दौरान भी मामले में यथास्थिति बनाये रखने का आदेश देते हुये अगली पेशी 12 अगस्त 2025 निर्धारित कर दी गई। फिर भी अनावेदिका सुनीता उर्फ बड़की गुप्ता पति रामकृष्ण गुप्ता निवासी ग्राम कुचवाही द्वारा भूमि खसरा क्रमांक 1476/1/1, 1476/3/1 में स्थगन आदेश तहसील न्यायालय एवं कमिश्नर न्यायालय से होने के बावजूद मकान का निर्माण कराया जा रहा है।

# उद्यान अधिकारी संयुक्त भर्ती के परिणाम घोषित

**सीधी।** म.प्र. राज्य कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा उद्यान अधिकारी संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम ईएसबी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024 प्रश्न पत्र ए भोपाल शहर में एवं समूह-2 उप समूह-1 के अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, सहायक गुणवत्ता नियंत्रण संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024 प्रश्न पत्र बी मप्र के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीचम, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में आयोजित की गई।

# हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर टमसार में हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**कुसमी 6 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसमी की बैठक बुधवार को टमसार में जिसमें हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक की गई एवं चर्चा की गई।**

मुख्य अतिथि डॉ.यू.के. श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री राजकुमार तिवारी, महामंत्री राम भरत मिश्रा, सुरेन्द्र बैस, उपाध्यक्ष रामेश्वर सिंह, कार्यसमित सदस्य अमरोला सरपंच शुक्रपाल सिंह, वरिष्ठ नेता के.के.सिंह बघेल, उपाध्यक्ष समयलाल गुप्ता, मंत्री राय सिंह,



मंत्री राजेन्द्र जायसवाल, मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार साकेत, रघुवीर सिंह, संयोजक कलेश्वर प्रजापति, बूथ अध्यक्ष रणदमन सिंह जूरी, अरुण प्रताप सिंह रौहाल, गेंदलाल जायसवाल टमसार, रामायण साहू ठाड़ीपाथर, रामपाल केवट भगवार सहित सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी महामंत्री सुरेन्द्र बैस द्वारा दी गयी।

# राजबहोर पाठक बने शिक्षक संघ में प्रांतीय संयोजक

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। म.प्र.शिक्षक संघ जिला इकाई सीधी की जिला कार्यकारिणी की बैठक महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल शास्त्री नगर सीधी में 5 अगस्त को संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आहुत की गई।**



जिसमें वार्षिक सदस्यता 2025, आगामी 4, 5, 6 अक्टूबर को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में जयपुर राजस्थान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी और जिले की शिक्षक और शैक्षिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। श्री पाण्डेय ने 3 सितम्बर को बुरहानपुर में संपन्न हुये संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक की कृत कार्यवाही का वृत्त प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री के परामर्श पर शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर ने सीधी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक को साहित्य प्रकोष्ठ का प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया है, जिसकी घोषणा अधिवेशन के समापन सत्र के अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष ने स्वयं की। बैठक में जिला संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह चौहान, सचिव रामजी शुक्ल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष द्वय निकिता सोनी, श्यामसुंदर तिवारी, उप सचिव वीरेंद्र सिंह लोली, रामहित साकेत, बालेन्दु शेखर द्विवेदी, इन्द्र पाल चौधरी, सुभाषचंद्र द्विवेदी एवं प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

# किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य को राजनीतिक दल के कार्यक्रम में शामिल होने का किसने दिया अधिकार : प्रफुल्ल

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय ने जारी एक बयान में आरोप लगाते हुए कहा है कि क्या संवैधानिक तौर पर बैठी किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य एड.रंजना मिश्रा को राजनीतिक दल के कार्यक्रम में शामिल होना और भाषण देने का अधिकार है? ये कहां तक उचित है?**

श्रीमती रंजना मिश्रा ने सभी नियम को ताक पर रखकर, ठेंगा दिखाती हुई चुरहट विधानसभा के भाजपा के राजनीतिक दल के कार्यक्रम में ना सिर्फ शामिल हुई साथ ही भरे मंच से राजनैतिक भाषणबाजी भी की और कांग्रेस व चुरहट विधायक पर अनर्गल आरोप भी लगाया, जो उनके संवैधानिक पद की गरिमा के पूरी तरह प्रतिकूल है और उस गरिमा को मिट्टी में मिलने वाला साबित करता है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती रंजना मिश्रा को अगर दल विशेष के कार्यक्रम में शामिल होना या मंच साझाकर भाषण बाजी और आरोप प्रत्यारोप का खेल खेलना है तो मध्य प्रदेश की सरकार को संज्ञान लेते हुए उन्हे तत्काल उनके पद से मुक्त कर देना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में वो जिस पद पर हैं वो पूरी तरह गैर



राजनीतिक और निष्पक्ष भाव से न्याय करने का पद है इसलिए इस पद पर रहते हुए वो किसी भी राजनीतिक दल के, किसी भी कार्यक्रम में, किसी भी रूप में, सम्मिलित होकर या उसके मंच पर राजनीतिक भाषण देने की पात्र ही नहीं है।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय ने आगे कहा की किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रंजना मिश्रा राजनीतिक दल के कार्यक्रमों में सम्मिलित ही नहीं हो सकती हैं। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों को गैर-पक्षपाती और निष्पक्ष रूप से कार्य करना होता है और राजनीतिक दल कि गतिविधियों में भाग लेने से उनके पद की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने से बचना चाहिए क्योंकि किशोर न्याय बोर्ड का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाना है। सदस्यों को किसी भी राजनीतिक विचारधारा या दल से प्रभावित हुए बिनाए निष्पक्ष रूप से कार्य करना चाहिए। राजनीतिक व्यक्ति को अगर न्यायिक व्यवस्था में हिस्सेदारी प्राप्त होती है यकीनन न्याय व्यवस्था का खुला उल्लंघन और उम्मीद नहीं की जा सकती की फैसला प्रभावित हुए बिना रह सकेंगे। सम्बद्ध न्यायालय को संज्ञान लेना चाहिए कि राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त ऐसे लोगों के विरुद्ध पद से मुक्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाए।





# जिला न्यायालय परिसर में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर स्थिति एडीआर सेंटर में 6 अगस्त को दीपक शर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर का उद्देश्य आमजन तक न्याय तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दीपक शर्मा ने उपस्थित लोगों को विधिक सहायता योजनाओं, वरिष्ठ नागरिको, महिलाओं, बच्चों एवं समाज के कमजोर वर्गों को मिलने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी ने उपस्थित पक्षकारों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, नालसा पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी। मनीष कौशिक ने आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में की जानकारी दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने पंच-ज अभियान के बारे में विस्तार से बताया। श्री शिवहरे ने पौधारोपण के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में दीपक शर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, अधिवक्तागण, न्यायालयीन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के कर्मचारी एवं आमजन नागरिक उपस्थित रहे।

# शाउमावि . कमर्जी में छात्र-छात्राओं को वितरित की गईं साइकिल

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमर्जी में आज 6 अगस्त को मुख्यमंत्री साइकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को साइकल वितरित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती आकांक्षा सुधांशु तिवारी जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुधांशु तिवारी कटारे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य के.पी.सिंह रहे। उक्त कार्यक्रम में डी.एन.गुप्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक, बी.पी.पटेल उच्च माध्यमिक शिक्षक, जे.पी. द्विवेदी उच्च माध्यमिक शिक्षक,



कमलापति गौतम उच्च माध्यमिक शिक्षक, वरिष्ठ शिक्षक जीतेन्द्र सिंह गहरवार, उमेश तिवारी, आदित्य प्रताप सिंह, राधिका पटेल, राजेश पटेल, रामयज्ञ सिंह, विनय शर्मा, के.के.मिश्रा, धीरज मिश्रा, दिलीप रावत सीएससी, अनवर अहमद कादरी, श्रीमती अदिती तिवारी, प्रीती मिश्रा, कीर्ति शुक्ला, राजकुमार शर्मा, परवेज अंसारी, भृत्य ऋषि कुमार द्विवेदी एवं निर्मला सिंह अहिरवार उपस्थिति रहे।

# पंचायत उन्नति सूचकांक 1 .0 की कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। जिला पंचायत सीधी के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 के कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यशाला में टॉप टेन चयनित ग्राम पंचायत को पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण पत्र तथा द्वितीय टॉप 10 चयनित ग्राम पंचायत को अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंह, सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज एवं अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। पंचायत उन्नत सूचकांक के मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीएआई 1.0 के विमोचन एवं प्रचार प्रसार करते हुए पंचायत उन्नत सूचकांक के अद्यतन पंचायत उन्नत सूचकांक वेबसाइट में



करने के बारे में बताया गया एवं अन्य जानकारियां ग्राम पंचायत सचिव सरपंच जिला अधिकारियों जनपद अधिकारियों एवं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। जबलपुर एसआईआरडी से डॉ.त्रिलोचन सिंह की उपस्थिति में सभा में सभी को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नत सूचकांक के आधार पर वित्त वर्ष 23- 24 में ए एवं ए प्लस कैटिगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, पूजा सिंह कुशराम सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवेन्द्र सिंह दादू के नेतृत्व में भव्य पैदल कावड़ यात्रा का हुआ आयोजन

## हजारों की संख्या में शिव भक्त पहुंचे बढ़ौरा धाम, भक्तों के लिए भंडारे एवं प्रसाद का भी किया गया था आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 अगस्त। संगीतमय माहौल में हजारों की संख्या में शिव भक्त बढ़ौरा धाम पहुंचे। घरों से निकलकर लोगों ने जगह-जगह कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया।**

पवित्र श्रावण मास में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवेन्द्र सिंह दादू के अगुवाई में एक दिवसीय कावड़ यात्रा 4 अगस्त को शिवपुर मरसरहा ग्राम से बढ़ौरा धाम के लिए सुबह 6 बजे पूजा पाठ के साथ सोनभद्र से जल लेकर रवाना हुई। उपरोक्त यात्रा संगीतमय माहौल में शिव भक्तों के साथ पैदल प्रारंभ हुई और सीधी जिले का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गो से गुजरते हुए शिवधाम बढ़ौरा तक देर रात पहुंची। कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र सिंह दादू ने बताया कि यह यात्रा शिवपुर





मरसरहा ग्राम से प्रारंभ हुई। यात्रा का रूट पहले से ही तय किया गया था जिसमे शिवपुर, अमरपुर बाजार, हनुमान चौक, अटल चौक, करौंदी, गहनौआ मंदिर, खैरा, रजडिहा, कुचवाही, शिवपुरवा, उपनी, टर्री, जोगीपुर तोरण द्वार, डैनिहा, सम्राट चौक, गांधी चौक, लालता चौक, नया बस स्टैण्ड, जमोड़ी तोरण द्वार, सोनवर्षा टोल प्लाजा, बढ़ौरा तिराहा से होते हुए अंत में शिव धाम बढ़ौरा में भक्तिमय माहौल में समाप्त हुई। इस अवसर पर संगीतमय भजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें कलाकारों ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किये। बढ़ौरा शिव धाम में भक्तों के लिए भंडारे एवं प्रसाद का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर हजारों की भीड़ देवेंद्र सिंह दादू के साथ जिले के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्वागत, वंदन, अभिनंदन के साथ अपने गंतव्य स्थान तक पहुंची।

यात्रा में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा एवं जगह-जगह पर प्रशासन द्वारा अच्छी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उक्त यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष आमजन के सहयोग से किया जाता है। उक्त यात्रा में स्वागत अमरपुर में उमेश सोनी, भूपेंद्र सिंह बघेल, हनुमान चौक में सुनील कुशवाहा, प्रकाश गुप्ता, अटल चौराहा में राजेश सिंह, शिवमोहन सिंह एवं सहयोगी, रजडिहा में विजय द्विवेदी एवं सहयोगी, पड़रिया में अंतिमा पब्लिक स्कूल के संचालक प्रकाश पाण्डेय एवं शिक्षकगण, कुचवाही बाईपास में राजकिशोर सिंह, पवन सिंह, कुचवाही में अशोक सिंह बघेल, राजपाल गुप्ता एवं साथी, जोगीपुर तोरणद्वार में रहीश सिंह, कुशाग्र त्रिपाठी आदि। अस्पताल चौक में राहुल सिंह, रोहित सिंह, देवेंद्र द्विवेदी ललन। गांधी चौक में सिंधी पंचायत समिति द्वारा दिलीप सितानी, अमरेश छुगानी एवं सहयोगी। जमोड़ी तिराहा में संतोष सिंह करगिल, नागेंद्र जायसवाल, अभिषेक सिंह सोनू व सहयोगी साथी। यशराज पेट्रोल पंप में रोहित सिंह बघवारी व हिमांशु सिंह बघेल सहयोगी साथी। बढ़ौरा में विनोद विश्वकर्मा, तेजस्वी मिश्रा, रामनिरंजन तिवारी एवं रास्ते में सैकड़ों साथियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।